Maheshwari Logistics Ltd
Together Towards Growth™
Coal | Logistcs | Paper | Automotive | Packaging
संvad
ISSUE 31
April - June 2026

विक्रमेण हि संसिद्ध्यति कार्याणि, न मनोरथैः।
*Tasks are accomplished through courage and effort, not by mere wishing.*

## स्पर्श



विक्रमेण हि संसिद्ध्यति कार्याणि,

न मनोरथैः।

इस संस्कृत श्लोक का सरल अर्थ है- कार्य पराक्रम और प्रयास से पूरे होते हैं, केवल मन में सोचने या इच्छाएँ करने से नहीं।

हम सभी के मन में कई सपने और लक्ष्य होते हैं। कभी हम बेहतर करियर की कल्पना करते हैं, कभी नई उपलब्धियाँ हासिल करने की। लेकिन केवल सोचते रहने से कोई मंज़िल नहीं मिलती। सफलता पाने के लिए पहला कदम उठाना और लगातार प्रयास करते रहना आवश्यक है।

कार्यस्थल पर भी यही बात लागू होती है। कोई नई जिम्मेदारी हो, कोई चुनौतीपूर्ण परियोजना हो या स्वयं को बेहतर बनाने का अवसर, सफलता उन्हीं को मिलती है जो पहल करते हैं और मेहनत से पीछे नहीं हटते। रास्ते में कठिनाइयाँ आना स्वाभाविक है, लेकिन दृढ़ निश्चय और सतत प्रयास से उन्हें पार किया जा सकता है।

यह श्लोक हमें याद दिलाता है कि सपने देखना महत्वपूर्ण है, पर उन्हें साकार करने के लिए कर्म करना उससे भी अधिक आवश्यक है। जब हम अपनी इच्छाओं को प्रयासों से जोड़ देते हैं, तब सफलता केवल एक संभावना नहीं, बल्कि एक उपलब्धि बन जाती है।

सपने देखिए, लेकिन उन्हें कर्म से सजाइये।
सफलता स्वयं आपके कदम चूमने आएगी।।

Mukta Maheshwari
Editor - Samvad

## Testimonial

पिछले सात वर्षों से मैं इस प्रकाशन को नियमित रूप से पढ़ता आ रहा हूँ, और हर अंक के साथ माहेश्वरी लॉजिस्टिक्स ग्रुप की प्रगति देखकर मन गर्व और प्रेरणा से भर जाता है। यह सिर्फ एक मैगज़ीन नहीं, बल्कि पूरे परिवार को एक सूत्र में बाँधने वाला एक सुंदर माध्यम है।

इसमें लोगों की उपलब्धियों को सम्मान मिलता है, छिपी प्रतिभाओं को मंच मिलता है, और ग्रुप के भीतर हो रहे आयोजनों व अपडेट्स की जानकारी सहजता से सबतक पहुँचती है। किसी अपने को आगे बढ़ते, पहचान पाते देखना सचमुच आनंददायक है।

कंपनी से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा न होकर भी, परिवार के नाते मुझे यह देखकर बेहद अच्छा लगता है कि यहाँ ध्यान सिर्फ व्यापार पर नहीं, बल्कि पूरे समुदाय को साथ लेकर चलने और रिश्तों को मज़बूत बनाने पर है।

इस प्रकाशन को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ — यह यूँ ही परिवार को जोड़ते रहे।

महेश काबरा, जयपुर

## समन्वय



दोस्तों,

हर चुनौती एक अवसर है,

बस दृष्टिकोण बदलने की ज़रूरत है।

जब भी मैं पीछे मुड़कर देखता हूँ तो गर्व और कृतज्ञता दोनों एक साथ महसूस होते हैं। आप सभी ने जिस समर्पण, लगन और टीम भावना के साथ काम किया है, वह हमारी कंपनी की सबसे बड़ी ताकत है। हर विभाग ने, हर व्यक्ति ने अपने-अपने स्तर पर असाधारण योगदान दिया है।

हर तिमाही केवल समय का एक पड़ाव नहीं होती, बल्कि यह हमारे प्रयासों, सीखने और उपलब्धियों का आईना होती है। हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारी टीम है, वह टीम जो हर चुनौती को अवसर में बदलने का साहस रखती है।

आज का प्रतिस्पर्धी दौर हमें यह सिखाता है कि सफलता केवल लक्ष्य तक पहुँचने में नहीं, बल्कि हर दिन स्वयं को बेहतर बनाने में है। जब हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी को पूरे समर्पण से निभाता है, तब कंपनी नई ऊँचाइयों को छूती है।


आइए, हम इस नई तिमाही में वापस एक बार अपना संकल्प दोहराते हैं कि हम नवाचार (Innovation), गुणवत्ता (Quality), ईमानदारी (Integrity) और टीमवर्क (Teamwork) को और मजबूती से निभाते हुए अपनी सबसे बड़ी पहचान बनाएंगे। मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर आने वाले समय में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

याद रखिए...

"सफलता का रहस्य बड़े कदमों में नहीं, बल्कि हर दिन उठाए गए छोटे-छोटे सही कदमों में छिपा होता है।"

जब हम मिलकर चलते हैं, तो मंज़िल सिर्फ एक लक्ष्य नहीं रहती, वह एक परिवार की पहचान बन जाती है। आप सभी के समर्पण, मेहनत और प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक धन्यवाद। आइए, इस तिमाही को अपनी अब तक की सबसे सफल तिमाही बनाएँ।

Neeraj Maheshwari
CMD, Maheshwari Logistics Ltd.




# IN HOUSE TALENT

## Congratulations to our well wishers!!!




Nevil Naik won Man of the Match and Best Bowler in Navsari Anavil Lather Cricket Tournament



Vivaan Kabra Scored 98.25% in 12th Boards



Sarthak Patel cleared GUJCET with Percentile Rank-73.32



Karan Desai Scored 93% in 10th CBSE Board



Dr. Mukund Sharma ( M.S Ortho ) got felicitated for conducting a free orthopaedic camp at Gandhi Ashram, serving over 250 patients



Dr Mukund Sharma was awarded by his mentor for completing fellowship in Joint Replacement and Reconstruction at Max Hospital, Chandigarh



Kavisha Maheshwari scored 89% in class 4 and was honored by Maheshwari Navyuvak Mandal, Kanpur

## अच्छी सेहत

**अच्छी सेहत आज, तो कल होगा मन में सुख-शांति का आगाज़!**

आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में लोग सफलता के पीछे तो भाग रहे हैं, लेकिन अपनी सेहत को पीछे छोड़ते जा रहे हैं। अनियमित दिनचर्या, गलत खान-पान और बढ़ता तनाव धीरे-धीरे हमारे शरीर और मन दोनों को प्रभावित करता है। छोटी-छोटी अच्छी आदतें हमारे जीवन को बेहतर, खुशहाल और ऊर्जावान बना सकती हैं।

सुबह उठकर एक गिलास गुनगुना पानी पीना शरीर को तरोताज़ा और सक्रिय बनाता है। दिनभर पर्याप्त पानी पीने से शरीर में ऊर्जा बनी रहती है और थकान कम महसूस होती है।

हर दिन अपने लिए थोड़ा समय निकाल कर २०-३० मिनट टहलना, योग या हल्का व्यायाम शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करना भी सेहत के लिए फायदेमंद है।

थाली में रंग बढ़ाइए- हरी सब्जियाँ, फल और सलाद जितने रंग-बिरंगे होंगे, सेहत उतनी ही अच्छी रहेगी। धीरे-धीरे और अच्छी तरह चबाकर खाएँ- आराम से भोजन करने से पाचन बेहतर होता है और ज़रूरत से ज़्यादा खाने की आदत कम होती है।

लगातार मोबाइल और लैपटॉप देखने से आँखों और दिमाग पर असर पड़ता है। बीच-बीच में छोटा ब्रेक लें। रोज़ ७-८ घंटे की नींद शरीर को आराम देती है और तनाव कम करने में मदद करती है। स्वस्थ जीवनशैली कोई एक दिन का काम नहीं है।



अच्छी सेहत किसी दवा से नहीं, बल्कि हमारी रोज़मर्रा की अच्छी आदतों से बनती है। याद रखिए, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, और यही एक खुशहाल जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

**सलोनी माहेश्वरी, कानपुर**
(के संकलन से)

## प्यारा चंदा



समय देख कर निकलता चंदा,
कभी पूरा, कभी आधा चंदा।
करवा चौथ पर सजे पूरा चंदा,
ईद पर दिखे आधा चंदा।
पूर्णिमा की रात उजला चंदा,
अमावस्या को छुप जाए चंदा।
अंधेरों में चमकता चंदा,
रातों को निखारता चंदा।
पंद्रह दिन बढ़ता ये चंदा,
पंद्रह दिन घटता ये चंदा।
कभी आधा तो कभी पूरा चंदा,
आंख मिचौली करता चंदा।
कहे फ़तो सुन ए बंदा,
हमको लगता प्यारा ये चंदा।



**फतेह सिंह, गांधीधाम**

## What is birthday?

The only day in your life when your mother ***smiled when you cried.***


जन्मदिन आपकी जिंदगी का एकमात्र वो दिन होता है जिस दिन आपके रोने की आवाज पर आपकी मां मुस्कुराई थी।

उसके बाद कोई भी ऐसा दिन नही आता है जब आपके रोने पर आपकी मां मुस्कुराई हो।



**सोनिया सैनी, वापी**
(के संकलन से)

# Health Corner




Acupressure points for Digestion with magnet and colour therapy. White empty circle means white side of byol magnet and yellow circle means yellow side of byol magnet touching skin. Keep them for 6-8 hrs, for best results apply at night while going to sleep and remove in morning.



*Therapist Mahima Maheshwari, Vapi*

## THE FACTS ABOUT SURAT





ब्रिटिशों का पहला ठिकाना: सूरत भारत की वह पहली जगह थी जहाँ ब्रिटिशों ने १६१२ में अपनी ट्रेडिंग फैक्ट्री बनाई थी।


ग्लोबल डायमंड कैपिटल: यह दुनिया का सबसे बड़ा डायमंड कटिंग और पॉलिशिंग सेंटर है।

ऐतिहासिक बंदरगाह: १६वीं और १७वीं सदी में, यह एक बहुत बड़ा और फल-फूल रहा बंदरगाह था, जहाँ एक ही समय में ८४ अलग-अलग देशों के जहाज़ लंगर डालते थे।

सफ़ाई में अव्वल: भारत के सबसे साफ़-सुथरे शहरों में लगातार शामिल रहने के अलावा, इसे 'ग्रीन सिटी' भी कहा जाता है, क्योंकि यहाँ बहुत सारे पेड़-पौधे हैं और पर्यावरण को बचाने के लिए कई पहल की गई हैं।

खाने-पीने की खास चीज़ें: सूरत का खाना बहुत मशहूर है। यहाँ के खास स्ट्रीट फ़ूड और पारंपरिक व्यंजनों में लोचो, उंधियू और सुरती सेव खमनी शामिल हैं।






कृष्णा पटेल, मोरा (सूरत)
(के संकलन से)

## खेल खेल में




# Riddles



1. I go through towns and over hills but never move.
   WHAT AM I?
2. What has a thumb and four fingers but is not alive?

**Last Edition Sudoku solved by**

**Surat-** Pradeep Dad, Sahil Patel

**Vapi-** Yogesh Mistry, Priyanka Dubey

रिडल्स के सही जवाब आपको 15th July तक भेजने है।
जिनके भी जवाब सही होंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के द्वारा 5 नाम चुन कर संवाद के अगले अंक में उत्तर के साथ प्रकाशित किए जाएँगे ।

# GLIMPSE OF EVENTS



Fire Safety Demonstration at Ambethi Factory, Vapi



Health check up at Ambethi Factory, Vapi




Blood Donation by MLL Staff in camp organized by Maheshwari Seva Samiti, Vapi




Felicitaion at The Elites Bhajan Clubbing programme, Vapi




Neeraj Maheshwari was invited and honoured as the Chief Guest in Mahesh Navami 2026 celebrations, organized by Maheshwari Navyuvak Mandal, Kanpur

# Financial Performance for FY 2025-26

## MAHESHWARI LOGISTICS LIMITED

Board Approved: 30-May-2026 | CIN: L60232GJ2006PLC049224 | NSE Listed

Annual FY2026 Results | Year Ended 31st March 2026 | Standalone | ₹ in Lakhs (Audited)

| Revenue from Ops | EBITDA | Profit After Tax | EPS (Basic) |
|---|---|---|---|
| ₹1,06,665 | ₹7,191 | ₹1,635 | ₹5.32 |
| ▲ +12.3% YoY | ▲ +2.7% YoY | ▼ -6.9% YoY | ▼ -10.3% YoY |


### Annual P&L Comparison

| Metric (₹ Lakhs) | FY 2024-25 | FY 2025-26 | YoY Chg |
|---|---|---|---|
| Revenue from Ops | 94,981 | **1,06,665** | ▲ +12.3% |
| Total Income | 95,477 | **1,07,533** | ▲ +12.6% |
| **EBITDA** | 6,999 | **7,191** | ▲ +2.7% |
| Finance Cost | 3,107 | **3,341** | ▲ +7.5% |
| Depreciation | 1,521 | **1,620** | ▲ +6.5% |
| Profit Before Tax | 2,370 | **2,230** | ▼ -5.9% |
| Tax Expense | 614 | **595** | ▼ -3.0% |
| **PAT (Net Profit)** | 1,756 | **1,635** | ▼ -6.9% |
| EPS Basic (₹) | 5.93 | **5.32** | ▼ -10.3% |

**KEY TAKEAWAYS**

- Group revenue crosses ₹1,100 Cr; standalone tops ₹1,000 Cr for the first time
- EBITDA at a record (consol. ₹76.1 Cr); growth across all three segments
- Clean (unmodified) audit opinion; PAT steady at ₹16.3 Cr amid higher input & finance costs

### Segment Revenue | FY 2025-26




*Gross segment revenue ₹1,09,798 L; net of inter-segment ₹3,133 L = ₹1,06,665 L*

### Standalone vs Consolidated | FY26

| ₹ Lakhs | Standalone | Consolidated |
|---|---|---|
| Revenue from Ops | 1,06,665 | **1,11,000** |
| Total Income | 1,07,533 | **1,11,871** |
| EBITDA | 7,191 | **7,613** |
| PAT | 1,635 | **1,709** |

majithia - 9825268468